No. of Printed Pages/Questions: 8/15

# O. P. JINDAL SCHOOL, SAVITRI NAGAR

**Annual Examination - (2025 – 2026)**

**Class: IX** **MM: 80**

**Subject: HINDI** **Time: 3Hrs.**

---

सामान्य निर्देश–

(1) इस प्रश्न–पत्र में चार खंड हैं– खंड 'क', 'ख', 'ग' और 'घ'। खंड 'क' में अपठित बोध पर आधारित बहुविकल्पीय व लघूत्तरात्मक और खंड 'ख' में व्यावहारिक व्याकरण संबंधी लघूत्तरात्मक प्रश्न दिए गए हैं।

(2) खंड 'ग' में पाठ्य–पुस्तक व पूरक पाठ्यक्रम पर आधारित प्रश्न तथा खंड 'घ' में रचनात्मक लेखन संबंधी दीर्घ– उत्तरीय प्रश्न हैं। प्रश्न–पत्र के चारों खंडों में प्रश्नों की संख्या 15 है और सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

(3) यथासंभव सभी प्रश्नों के उत्तर क्रमानुसार लिखिए।

---

## खंड 'क' अपठित बोध ( 14 अंक)

**1. निम्नलिखित अपठित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

**1X3+2X2=7**

हम सभी जानते हैं कि संघर्ष ही जीवन है। मानव को जीवन में अनेक प्रकार के संघर्ष करने पड़ते हैं, जिसमें उसे अनेक कष्टों को सहन कर पड़ता है। पुरुषार्थी मानव अपने पुरुषार्थ के बल पर सफलता प्राप्त कर लेता है। इस पुरुषार्थ का संबंध भी मानव–मन से है क्योंकि व्यक्ति के सभी प्रकार के कर्म तथा व्यवहारों को नियंत्रण करने वाली यदि कोई शक्ति है, तो वह है उसका 'मन'। निराश मन वाला व्यक्ति अनेक प्रकार के साधनों से संपन्न होते हुए भी असफल हो जाता है, जबकि अपेक्षाकृत कम शक्ति संपन्न होते हुए भी चित्त की दृढ़ता से युक्त व्यक्ति कभी पराजय का मुँह नहीं देखता। कौरव सभी प्रकार की शक्तियों से संपन्न होते हुए भी पराजित हुए क्योंकि पांडवों का मन असीम दृढ़ता एवं अदम्य शक्ति से युक्त था। इसी प्रकार के अनेक उदाहरण दिए जा सकते हैं। महात्मा गांधी के चित्त की दृढ़ता के समक्ष विशाल अंग्रेजी साम्राज्य को घुटने टेकने पर विवश होना पड़ा था। मन की दृढ़ता के बल पर ही प्राचीन काल में अनेक ऋषि–मुनि अनेक प्रकार की सिद्धियाँ प्राप्त कर लिया करते थे। मन की दृढ़ता के कारण ही कालिदास जैसा मूर्ख संस्कृत का सर्वश्रेष्ठ कवि बन पाया। जापानियों के मन की दृढ़ता को देखिए–विश्व युद्ध में परमाणु बम से होते बाली तबाही के बावजूद ये पुनः उठ खड़े हुए और आज विश्व के शीर्षस्थ राष्ट्रों में गिने जाते हैं।

व्यक्ति का कर्तव्य है कि वह अपने मन को दुर्बल न होने दे। जिसने अपने मन को जीत लिया, उसने मानो सारे संसार पर विजय प्राप्त कर ली। मन को अपने वश में कर लेने वाले व्यक्ति ही स्वावलंबी या पुरुषार्थी कहलाते हैं। व्यक्ति को यह कभी नहीं भूलना चाहिए कि हानि–लाभ, जीवन–मरण, यश–अपयश सब उसी तरह आते–जाते रहते हैं जैसे सूर्यास्त के बाद सूर्योदय। इसलिए पराजय के क्षणों में धैर्य बनाए रखना चाहिए और अपने मन में दुर्बलता को कभी नहीं आने देना चाहिए।

**I किस तरह का व्यक्ति सफलता प्राप्त नहीं कर पाता ?**

(क) निराश मन का व्यक्ति साधन संपन्न होते हुए भी

(ख) दृढ़ चित्त वाला व्यक्ति साधन न मिलने के कारण

(ग) आशावादी व्यक्ति साधनों के अभाव में

(घ) तीनों ही उत्तर गलत

**II कथन (A) और कारण (R) को पढ़कर उपयुक्त विकल्प चुनिए।**

**कथन (A)** मनुष्य को जीवन–संघर्ष में अनेक कष्टों को सहना पड़ता है।

**कारण (R)** मानव अपने पुरुषार्थ के बल पर सफलता प्राप्त कर लेता है।

(क) कथन (A) गलत है, किंतु कारण (R) सही है।

(ख) कथन (A) सही है, और कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या है।

(ग) कथन (A) और कारण (R) दोनों ही गलत हैं।

(घ) कथन (A) सही है, किंतु कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।

**III पुरुषार्थी व्यक्ति कौन कहलाता है?**

(क) जो पुरुष दूसरों की अर्थी निकाल देता है

(ख) जो पुरुष दूसरों के हित के लिए काम करता है

(ग) जो व्यक्ति अपने मन को वश में कर लेता है

(घ) जो व्यक्ति केवल अर्थ (धन) के लिए जीता है

**IV कैसा व्यक्ति कभी पराजय का मुँह नहीं देखता ?**

**V जापानी आज विश्व के शीर्षस्थ राष्ट्रों में गिने जाते हैं, क्यों ?**

2. **निम्नलिखित अपठित पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

**1X3+2X2=7**

वह प्रदीप जो दीख रहा है झिलमिल, दूर नहीं है,
थककर बैठ गए क्या भाई! मंजिल दूर नहीं है।
चिंगारी बन गई लहू की बूँद गिरी जो पग से,
चमक रहे, पीछे मुड़ कर मत देखो, चरण–चिह्न जगमग से।
शुरू हुई आराध्य भूमि यह, क्लान्ति नहीं रे राही,
और नहीं तो पाँव लगे हैं क्यों पड़ने डगमग से ?
बाकी होश तभी तक, जब तक चलता तू नहीं है।
थककर बैठ गए क्या भाई! मंजिल दूर नहीं है।
अपनी हड्डी को मशाल से हृदय चीरते तम का,
सारी रात चले तुम दुःख झेलते कुलिश निर्मम का।

एक खेद है शेष, किसी विध पार उसे कर जाओ
वह देखो उस पार चमकता है मंदिर प्रियतम का।
आकर इतना पास फिरे, वह सच्चा शूर नहीं है,
थककर बैठ गए क्या भाई! मंजिल दूर नहीं है।
दिशा दीप्त हो उठी प्राप्त कर पुण्य प्रकाश तुम्हारा,
लिखा जा चुका अनल–अक्षरों में इतिहास तुम्हारा।
जिस मिट्टी ने लहू पिया, वह फूल खिलाएगी ही,
अंबर पर घन बन आएगा ही उच्छ्वास तुम्हारा।
और अधिक ले जाँच, देवता इतना क्रूर नहीं है,
थककर बैठ गए क्या भाई! मंजिल दूर नहीं है।

**I कथन (A) और कारण (R) पर विचार करते हुए सही विकल्प चुनिए**

**कथन (A)** अपने पुरुषार्थ के बल पर लक्ष्य की तरफ़ अग्रसर व्यक्ति कभी भी असफल नहीं होते।

**कारण (R)** जिस मिट्टी को रक्त से सींचा गया है, वह एक दिन अवश्य फूल खिलाएगी।

(क) कथन (A) गलत है, किंतु कारण (R) सही है।

(ख) कथन (A) और कारण (R) दोनों ही गलत हैं।

(ग) कथन (A) सही हैं तथा कारण (R), कथन (A) की सही व्याख्या करता है।

(घ) कथन (A) सही हैं तथा कारण (R), कथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।

**II 'वह प्रदीप दीख रहा है' में प्रदीप किसका प्रतीक है ?**

(क) सूरज का (ख) तारे का

(ग) सफलता या लक्ष्य का (घ) बादलों में छिपे चाँद का

**III काव्यांश में निहित संदेश निम्नलिखित में से क्या है?**

(क) झिलमिल प्रदीप को ध्यान से देखना (ख) मंज़िल निकट आने पर रुक जाना

(ग) मंज़िल या सफलता मिले बिना नहीं रुकना चाहिए (घ) अपना पुण्य प्रकाश फैलाना

**IV कौन सच्चा शूर नहीं कहलाता ?**

**V 'अनल–अक्षरों' में इतिहास लिखने से क्या तात्पर्य है ?**

## खंड 'ख' व्यावहारिक व्याकरण ( 16 अंक)

**3 उपसर्ग प्रत्यय पर आधारित निम्नलिखित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

**1X4=4**

I **'दुर्भाग्य'** शब्द में प्रयुक्त उपसर्ग तथा मूल शब्द लिखिए।

II **'परि'** उपसर्ग से दो शब्द बनाइए।

III **'पुस्तकीय'** शब्द में प्रयुक्त प्रत्यय तथा मूल शब्द लिखिए।

IV **'त्व'** प्रत्यय से दो शब्द बनाइए।

V **'असंतुष्टि'** शब्द में से उपसर्ग, मूल शब्द व प्रत्यय अलग करके लिखिए।

4 **समास पर आधारित निम्नलिखित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

**1X4=4**

I **'शताब्दी'** समस्त पद का समास–विग्रह कीजिए।

II **'लंबोदर'** समस्त पद में कौन–सा समास है ?

III **'देश–विदेश'** समस्त पद में कौन–सा समास है ?

IV **'चंद्रमुखी'** समस्त पद का विग्रह करके समास का नाम लिखिए।

V **'यथाविधि'** समस्त पद का विग्रह करके समास का नाम लिखिए।

5 **अर्थ के आधार वाक्य भेद पर आधारित निम्नलिखित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए–** **1X4=4**

I 'किसी ने उसे राह दिखाई थी।' प्रस्तुत वाक्य को निषेधवाचक वाक्य में बदलिए।

II 'पूस की रात में नीलगाय हल्कू का खेत चर गई।' प्रस्तुत वाक्य को प्रश्नवाचक वाक्य में बदलिए।

III 'वाह! कितना आकर्षक पर्वतीय स्थल है।' अर्थ के आधार पर वाक्य–भेद बताइए।

IV 'पुस्तकें अलमारी में रखी हैं।' प्रस्तुत वाक्य को आज्ञावाचक वाक्य में बदलिए।

V 'संभवतः गौरव पढ़ रहा होगा।' प्रस्तुत वाक्य का अर्थ के आधार पर वाक्य भेद बताइए।

6 **अलंकार पर आधारित निम्नलिखित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

**1X4=4**

I 'ऊँचे घोर मंदर के अंदर रहनवारी, ऊँचे घोर मंदर के अंदर रहाती है।'– पंक्ति में निहित अलंकार है?

II '<u>चारु चंद्र की चंचल</u> किरणें खेल रही हैं जल–थल में'– रेखांकित पंक्ति में कौन–सा अलंकार है ?

III 'पानी' गए न ऊबरै मोती, मानुस, चून। पंक्ति में कौन–सा अलंकार है ?

IV अनुप्रास अलंकार किसे कहते हैं ?

V श्लेष अलंकार का एक उदाहरण लिखिए, जो इस प्रश्न–पत्र में न आया हो।

**खंड 'ग' पाठ्यपुस्तक व पूरक पाठ्यपुस्तक ( 30 अंक)**

**7. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही उत्तर लिखिए–** **1X5=5**

अपने परिवार में मैं कई पीढ़ियों के बाद पैदा हुई। मेरे परिवार में प्रायः दो सौ वर्ष तक कोई लड़की थी ही नहीं। सुना है, उसके पहले लड़कियों को पैदा होते ही परमधाम भेज देते थे। फिर मेरे बाबा ने बहुत दुर्गा पूजा की। हमारी कुल–देवी दुर्गा थीं। मैं उत्पन्न हुई तो मेरी बड़ी खातिर हुई और मुझे वह सब नहीं सहना पड़ा जो अन्य लड़कियों को सहना पड़ा। परिवार में बाबा फारसी और उर्दू जानते थे। पिता ने अंग्रेजी पढ़ी थी।

हिंदी का कोई वातावरण नहीं था। मेरी माता जबलपुर से आई थीं, उन्हें हिंदी भाषा का ज्ञान था। वे पूजा–पाठ भी बहुत करती थी। सबसे पहले उन्होंने मुझको पंचतंत्र पढ़ना सिखाया। बाबा कहते थे, इसको हम विदुषी बनाएँगे। मेरे संबंध में उनका विचार बहुत ऊँचा रहा। इसलिए 'पंचतत्र' भी पढ़ा मैंने संस्कृत भी पढ़ी। वे अवश्य चाहते थे कि मैं उर्दू–फ़ारसी सीख लूँ, लेकिन वह मेरे वश की नहीं थी।

**I लेखिका के जन्म पर घर में क्या हुआ ?**

(क) सभी उदास हो उठे | (ख) सभी प्रसन्न हो उठे

(ग) सभी परेशान हो गए | (घ) सभी सहम गए

**II लेखिका के जन्म से पहले की लड़कियों के जन्म को लेकर अवधारणा कैसी थी ?**

(क) कुलदेवी के मंदिर भेज देते थे | (ख) लड़कियों को जबलपुर भेज देते थे

(ग) लड़कियों को परमधाम भेज देते थे | (घ) ये सभी

**III लेखिका क्या नहीं सीख पाई ?**

(क) हिंदी | (ख) अंग्रेज़ी

(ग) उर्दू–फ़ारसी | (घ) अरबी

**IV लेखिका ने सबसे पहले क्या सीखा ?**

(क) नाटक पढ़ना | (ख) पंचतंत्र पढ़ना

(ग) उपन्यास पढ़ना | (घ) अंग्रेज़ी पढ़ना

**V कथन (A) और कारण (R) पर विचार करते हुए सही विकल्प चुनिए**

**कथन (A)** इसको हम विदुषी बनाएँगे।

**कारण (R)** मेरे संबंध में उनका विचार उच्च था। वे मुझे विदुषी बनाना चाहते थे।

(क) कथन (A) सही है, किंतु कारण (R) गलत है।

(ख) कथन (A) गलत है और कारण (R) सही है।

(ग) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या करता है।

(घ) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं किंतु कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या नहीं करता।

**8 गद्य पाठों के आधार पर निम्नलिखित चार प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 30 से 40 शब्दों में लिखिए–** **2X3=6**

I सालिम अली पर किस घटना का गहरा प्रभाव पड़ा ?

II 'टीले' शब्द का अर्थ बताते हुए स्पष्ट कीजिए कि 'प्रेमचंद के फटे जूते' पाठ में 'टीले' शब्द का प्रयोग किस संदर्भ में किया गया है ?

III 'ल्हासा की ओर' पाठ में लेखक ने तिब्बत की किन विशेषताओं का उल्लेख किया है ?

IV "गिरे हुए बैरी पर सींग नहीं चलाना चाहिए।"– यह कथन किसका है? इस कथन से उसके व्यक्तित्व के बारे में क्या पता चलता है ?

9 **निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही विकल्प चुनिए– 1X5=5**

हँसमुख हरियाली हिम–आतप
सुख से अलसाए–से सोए,
भीगी अँधियाली में निशि की
तारक स्वप्नों में–से खोए–
मरकत डिब्बे सा खुला ग्राम–
जिस पर नीलम नभ आच्छादन–
निरुपम हिमांत में स्निग्ध शांत
निज शोभा से हरता जन मन !

**I कवि ने प्रस्तुत काव्यांश में किसका वर्णन किया है?**

(क) गाँव में हरे–भरे सौंदर्य का
(ख) प्रकृति के सौंदर्य का
(ग) वर्षा ऋतु का
(घ) फसलों की हरियाली का

**II 'हिम–आतप' का यहाँ क्या अर्थ है?**

(क) बर्फ पर पड़ी धूप
(ख) पर्वत पर फैली धूप
(ग) सर्दियों की धूप
(घ) ओले

**III 'मरकत डिब्बे सा खुला ग्राम' से कवि का आशय है ?**

(क) पन्ना (मरकत) से भरे खुले डिब्बे के समान गाँव
(ख) हरे रंग का गाँव
(ग) मरकत (पन्नों) से समृद्ध कोई गाँव
(घ) उपरोक्त में से कोई नहीं

**IV मरकत से भरे खुले डिब्बे (ग्राम) को ––––––––– ढक रखा है।**

(क) आसमान से गिरती बर्फ ने
(ख) वर्षा की बड़ी–बड़ी बूँदों ने
(ग) नीले रंग के आसमान ने
(घ) ओस की बूँदों ने

**V कथन (A) और कारण (R) को पढ़कर उपयुक्त विकल्प चुनिए–**

**कथन (A) कवि ने हरियाली को हँसमुख कहा है।**

**कारण (R) हरियाली को देखकर लोगों के चेहरों पर प्रसन्नता आ जाती है।**

(क) कथन (A) सही है, किंतु कारण (R) गलत है

(ख) कथन (A) गलत है, किंतु कारण (R) सही है

(ग) कथन (A) सही है और कारण (R) सही व्याख्या करता है

(घ) कथन (A) सही है किंतु कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या नहीं करता है

10 **पद्य पाठों के आधार पर निम्नलिखित चार प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 30 से 40 शब्दों में लिखिए–** **2X3=6**

I ज्ञान की आँधी का जीवन पर क्या प्रभाव पड़ता है ? 'साखियाँ एवं सबद' पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए।

II 'काले पहाड़' से कवि का क्या अभिप्राय है ? 'बच्चे काम पर जा रहे है' कविता के आलोक में उत्तर दीजिए।

III ब्रिटिश शासन की तुलना किसके प्रभाव से की गई है और क्यों ? 'कैदी और कोकिला' कविता के आधार पर उत्तर लिखिए।

IV लता ने किसे किवाड़ की ओट से देखा और क्यों ? 'मेघ आए' कविता के आधार पर स्पष्ट कीजिए।

11 **पूरक पाठ्यपुस्तक के आधार पर निम्नलिखित तीन प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 से 80 शब्दों में लिखिए–** **4X2=8**

I लेखिका की परदादी के व्यक्तित्व का वर्णन करके बताइए कि उन्होंने भगवान से क्या कामना की ? 'मेरे संग की औरतें' पाठ के आधार पर उत्तर दीजिए।

II वर्तमान समय के समाज को देखते हुए 'रीढ़ की हड्डी' एकांकी कितनी प्रासंगिक है ?

III 'सबकी जुबान पर एक ही जिज्ञासा थी कि पानी कहाँ तक आ गया है ?' इस कथन में जनसमूह की कौन–सी भावना व्यक्त होती है ? 'इस जल प्रलय में' पाठ के आधार पर बताइए।

## खंड 'घ' रचनात्मक लेखन ( 20 अंक)

**प्र012 दिए गए विषयों में से किसी एक विषय पर लगभग 100 से 120 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए–**

**6X1=6**

| | | |
|---|---|---|
| क | **युवाओं में बढ़ता मानसिक तनाव–** | भूमिका, मानसिक तनाव के कारण, तनाव से मुक्ति के उपाय |
| ख | **परोपकार ही सच्चा धर्म–** | परोपकार का अर्थ, मनुष्य का उत्तम गुण, प्रकृति से उदाहरण, सच्चे आनंद का स्रोत |
| ग | **गांवों का देश भारत–** | गाँवों का देश से तात्पर्य, किसानों की भूमिका, गाँवों का वर्तमान स्परूप, |

**प्र013** किसी प्रतिष्ठित समाचार–पत्र के संपादक को एक पत्र लिखिए, जिसमें इस बात का वर्णन किया गया हो कि सार्वजनिक समारोहों में राष्ट्रगान के प्रति समुचित सम्मान नहीं दर्शाया जाता, जो राष्ट्रीय मूल्यों को क्षति पहुँचाने के समान है। *(5)*

अथवा

दिल्ली के प्रगति मैदान में आयोजित किसी प्रदर्शनी का विवरण देते हुए अपने मित्र को इसे देखने के लिए निमंत्रित करते हुए पत्र लिखिए।

**प्र0 14** लगभग 100 शब्दों में एक ऐसी लघुकथा लिखिए, जिसके अंत में यह वाक्य लिखा गया हो 'संघर्षों से हार न मानना ही जिंदगी का दूसरा नाम है।'

**अथवा**

आप अंकिता शर्मा हैं। बस में यात्रा के दौरान आपका एटीएम कार्ड कहीं गिर गया है तथा बहुत ढूँढ़ने पर भी नहीं मिल रहा है। बैंक प्रबंधक महोदय को इसकी जानकारी देते हुए उस एटीएम कार्ड को बंद करके उसके स्थान पर नया एटीएम कार्ड बनाने के लिए लगभग 100 शब्दों में ई–मेल लिखिए।

**5X1=5**

**प्र0 15** एक मित्र के दुर्घटना में घायल होने पर उसका कुशल–मंगल पूछते हुए उसके साथ होने वाले संवाद को लगभग 80 शब्दों में लिखिए। **4X1=4**

**अथवा**

आपका नाम आदित्य/अदिति गुप्ता है, आप नवमीं कक्षा में पढ़ते/पढ़ती हैं। विद्यालय परिसर में आपकी घड़ी गिर गई है। इस संदर्भ में लगभग 80 शब्दों में सूचना लिखिए।

---00---